# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com


पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0/2571/2023 दिनांकः– 11 अक्टूबर, 2023

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या
सम्बद्ध महाविद्यालय
राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय
अलीगढ़।

**विषयः मिशन शक्ति अभियान के फेज–4.0 के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक उ0प्र0 शासन के पत्र सं0 2892/सत्तर–3–2023 दिनांक 11.10.2023 का संदर्भ लेने का कष्ट करें। (संलग्न) जिसके द्वारा महिलाओं की सुरक्ष सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु 'मिशन शक्ति' अभियान के फेज–4.0 के कार्य योजना/रूपरेखा संलग्न की गयी है।

निर्देशानुसार 'मिशन शक्ति' अभियान के फेज–4.0 के कार्य योजना/रूपरेखा के अनुसार अपने संस्थान में कार्यवाही करते हुए उसकी सूचना विश्वविद्यालय की ई–मेल आई0डी0 rmpuinfo@gmail.com एवं शासन के ई–मेल आई0डी0 missionshaktihe@gmail.com पर दिनांक 16.10.2023 तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय

11.10.23

(कैलाश बिन्द)
सहा0कुलसचिव
कृते कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
3. समन्वयक एन0एस0एस0, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
4. समन्वयक रोवर/रेंजर, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
5. प्रभारी वेबसाइट को इस निर्देश के साथ कि वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

11.10.23

सहा0कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner

**महत्वपूर्ण/समयबद्ध**
**संख्या–२8१२/सत्तर–3–2023**

**प्रेषक,**

**गिरिजेश कुमार त्यागी,**
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

**सेवा में,**

1. **निदेशक,**
उच्च शिक्षा उ0प्र0
प्रयागराज।

2. **कुलसचिव,**
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

**उच्च शिक्षा अनुभाग–3** **लखनऊ : दिनांक। | अक्टूबर, 2023**

**विषयः मिशन शक्ति अभियान के फेज–4 .0 के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन के हेतु "मिशन शक्ति" अभियान के फेज–4.0 की कार्ययोजना/रूपरेखा की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रश्नगत कार्ययोजना की गयी अपेक्षानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराते एवं कृत कार्यवाही की उच्च शिक्षा अनुभाग–3 को दिनांक 16.10.2023 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक–यथोक्त।**

भवदीय,

**( गिरिजेश कुमार त्यागी )**
विशेष सचिव।

**संख्या एवं दिनांक तदैव।**

प्रतिलिपि विशेष कार्याधिकारी, उच्च शिक्षा ( राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्टक ) अनुभाग को इस आशय से प्रेषित कि प्रश्नगत प्रकरण में अपने स्तर से संबंधितो को कार्ययोजना में की अपेक्षानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

**( अरविन्द सिंह )**
अनु सचिव।

Scanned with OKEN Scanner

**उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन के लिए निकट भविष्य में "मिशन शक्ति" अभियान 4.0 प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में कार्ययोजना/रूपरेखा निम्नवत है:-**

1. मिशन शक्ति अभियान-4.0 दिनांक 14.10.2023 को दुर्गाष्टमी के अवसर पर मिशन शक्ति के प्रति जागरूकता हेतु सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में मिशन शक्ति की वृहद रैली का आयोजन प्रातः किया जाये जिसकी रिपोर्टिंग एवं कवरेज सोशल मीडिया एवं मीडिया के माध्यम से किया जाये।

2. **दिनांक 15.10.2023 से शिक्षा विभाग के सभी शिक्षण संस्थाओं में निम्न कार्य किया जाना है:-**

(1) **महिला महाविद्यालयों में नामांकन दर में वृद्धि करना-**

उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में लैंगिक समानता को प्राप्त करने हेतु महिलाओं को उच्च शिक्षा में समान अवसर प्रदान करते हुए महिलाओं के नामांकन दर में वृद्धि किये जाने हेतु जागरूकता अभियान संचालित किये जाये।

(2) **महिला सुरक्षा-**

(1) उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित समस्त विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों द्वारा वेबिनार/सेमिनार आयोजित किये जाये जिसमें महिला सुरक्षा के विविध प्राविधानों, महिला हेल्पलाइन, साइबर क्राइम, पाक्सो एक्ट, लैंगिक हिंसा, दहेज कुप्रथा, बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा, महिलाओं की सुरक्षा, महिलाओं के अनैतिक दुर्व्यापार सम्बन्धी रोकथाम, कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न सम्बन्धी रोकथाम आदि के लिए प्रचलित कानूनों की जानकारी दी जायेगी। उक्त कार्यक्रमों में पुलिस अधिकारियों तथा कानूनी जानकारी विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किये जाये।

(2) वेबिनार के उपरान्त परामर्श सत्र (Counselling session) आयोजित किये जाये।

(3) विश्वविद्यालय/महाविद्यालय द्वारा छात्राओं को आपातकाल में आत्मसुरक्षा हेतु **मार्शल आर्ट/जूडो** का प्रशिक्षण प्रदान किया जाये।

(3) **लैंगिक समानता एवं स्वास्थ्यवर्धन-**

(1) उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित समस्त विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों द्वारा लैंगिक समानता, बालिकाओं के स्वास्थ्यवर्धन एवं पोषण के प्रति जागरूकता, हेतु वेबिनार,

Scanned with OKEN Scanner

व्याख्यानमालाओं एवं निबन्ध/पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाये। पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों में चिकित्सा विभाग के चिकित्सकों का सहयोग लिया जाये।

(2) विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में **परामर्श सत्र** (Counselling Session) आयोजित किए जाये, जिसमें नामित महिला प्राध्यापक उनकी समस्याओं को सुनकर परामर्श देंगी।

(3) विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों मे **योग एवं व्यायाम का प्रशिक्षण** दिया जाये।

**(4) परामर्श सत्र (Counselling Session)–**

**"चुप्पी तोड़ो, खुलकर बोलो"**

विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों परामर्श सत्र (Counselling Session) नियमित रूप से आयोजित किये जाये जिसमें स्वयंसेवकों को परामर्श प्रदान किया जाये। इस हेतु महिला प्राध्यापकों को नामित किया जाये, जो बालिकाओं की समस्याओं को सुनकर उन्हें यथोचित परामर्श देंगी। इस कार्य में एन0जी0ओ0 एवं मनोचिकित्सकों का सहयोग भी लिया जाये।

**(5) बालिका हेल्थ क्लब एवं स्वास्थ्य परीक्षण–**

(1) महिला महाविद्यालयों में हेल्थ क्लब स्थापित किए जाये। नारी स्वास्थ्य से संबंधित चुप्पी तोड़ो कार्यक्रम के अंतर्गत सैनिटरी पैड वितरण व मासिक धर्म प्रबंधन पर प्रतिमाह सूचनाओं, अलग–अलग गांव और मलिन बस्तियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाये। बालिका स्वास्थ्य व पोषण के प्रति जागरूकता अभियान के तहत हीमोग्लोबिन चैकअप कैंप व विशिष्ट व्याख्यानों का आयोजन किया जाये।

(2) स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्रत्येक विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं हेतु मिशन शक्ति के दौरान कम से कम एक स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प आयोजित किये जायेंगे।

(3) महिला अध्ययन केन्द्र स्थापना मा0 कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी के दिशा निर्देश में प्रत्येक विश्वविद्यालय में स्थापित किया जाये।

**(6) महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान–**

(1) पुलिस विभाग के सहयोग से प्रत्येक जनपद में महिला सुरक्षा एवं साइबर क्राइम पर जागरूकता अभियान संचालित किये जाये।

Scanned with OKEN Scanner

**(7) प्रेरणात्मक संवाद (Inspirational Interactions)–**

(1) प्रत्येक उच्च शिक्षण संस्थान द्वारा माह में एक बार किसी महिला रोल मॉडल के साथ संवाद (interaction) आयोजित किया जाये।

(2) मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत समाज में जागरूकता लाने की कार्यवाही किया जाये।

(3) भारत सरकार तथा उ0प्र0 शासन द्वारा महिला सहायता हेतु संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का प्रचार–प्रसार किया जाये, जिसमें मुख्यतः कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन आदि।

(4)उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित समस्त विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों द्वारा **"मिशन शक्ति" अभियान के अंतर्गत "शिक्षित होगा बालिका तो समाज और राष्ट्र सशक्त होगा" स्लोगन से व्यापक प्रचार–प्रसार कर इस अभियान को आम जन से** जोड़ा जायेगा।

**(8)–उत्कृष्ट कार्यों के लिये संस्था अपने स्तर पर मिशन शक्ति अवार्ड/प्रमाण पत्र निर्गत करें।**

**(9)–विशिष्ट दिवसों पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम–**

(1) 05 जून– विश्व पर्यावरण दिवस।

(2) 14 जून– विश्व रक्तदाता दिवस।

(3) 21 जून– अन्तराष्ट्रीय योग दिवस।

(4) 01 जुलाई से 7 जुलाई तक– पौधरोपण/जागरूकता।

(5) 13 अगस्त– मेरा माटी मेरा देश के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन 15 अगस्त 2023 तक।

(6) 15 अगस्त– स्वतंत्रता दिवस– गोष्ठी।

(7) 20 अगस्त– सद्‌भावना दिवस– पौधरोपण/गोष्ठी।

(8) 29 अगस्त– राष्ट्रीय खेल दिवस।

(9) 05 सितम्बर– शिक्षक दिवस–पौधरोपण– गोष्ठी।

(10) 8 सितम्बर– अन्तर्राष्टीय साक्षरता दिवस– साक्षरता रैली।

Scanned with OKEN Scanner

(11) 24 सितम्बर– रा0से0यो0 दिवस– गोष्ठी,रैली।

(12) 01 अक्टूबर– राष्ट्रीय रक्तदान दिवस– रक्त परीक्षण/रक्तदान।

(13) 02 अक्टूबर– गाँधी जयंती/लाल बहादुर शास्त्री जयंती– स्वच्छता ही सेवा जागरूकता अभियान।

(14) 31 अक्टूबर– सरदार वल्लभ भाई पटेल जन्मदिवस/राष्ट्रीय एकता दिवस–राष्ट्रीय एकता शपथ एवं एकता दौड़।

(15) 14 नवम्बर– बाल दिवस

(16) 26 नवम्बर– संविधान दिवस/राष्ट्रीय कानून दिवस–शपथ।

(17) 01 दिसम्बर– विश्व एड्स दिवस– एड्स पर जागरूकता।

(18) 12 जनवरी– राष्ट्रीय युवा दिवस/स्वामी विवेकानंद जयंती–स्वामी विवेकानंद के आदर्श एवं विचार/देश की प्रगति में युवाओं का योगदान।

(19) 11 से 17 जनवरी– सड़क सुरक्षा सप्ताह– परिवहन जागरूकता।

(20) 25 जनवरी– राष्ट्रीय मतदाता दिवस– मतदाता जागरूकता।

(21) 26 जनवरी– गणतंत्र दिवस– विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।

(22) 30 जनवरी–शहीद दिवस–शहीदों का पुनः स्मरण।

उक्त दिवसों तथा समय–समय पर भारत सरकार तथा उ0प्र0 शासन के दिशा–निर्देशों के अन्तर्गत निर्धारित थीम के अनुरूप चर्चा/परिचर्चा, विचार गोष्ठी, सेमिनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जागरूकता अभियान, योग तथा खेलकूद प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाये।

**(10) बालिका सुरक्षा शपथ–**

समाज के सभी नागरिकों, विशेष रूप से बालकों के मध्य बालिका की सुरक्षा एवं सम्मान की भावना जागरूक करने और संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से बालिका सुरक्षा शपथ दिलाई जायेगी।

- सभी प्राध्यापकों को जो अभिभावक भी हैं, द्वारा 'बालिका सुरक्षा शपथ' ली जाये।
- इसी प्रकार अभिभावकों को शपथ दिलाई जाये कि 'बेटा और बेटी में भेदभाव नहीं करेंगे'।

Scanned with OKEN Scanner

- छात्रों को बालिका सुरक्षा शपथ दिलाई जाये कि वे 'महिलाओं एवं बालिकाओं का सम्मान करेंगे और उनकी सुरक्षा का ध्यान रखेंगे'।

सभी शिक्षक संस्थाओं द्वारा एन0सी0सी0, एन0एस0एस0, रोवर्स रेंजर्स व अन्य छात्र–छात्राओं को महिला अध्ययन केन्द्र/वुमेन सेल के माध्यम से कार्य का निर्देश दिया जाये तथा शासन के ई–मेल missionshaktihe@gmail.com पर कार्यक्रम की रिपोर्ट, फोटोज तथा वीडियो प्रेषित किये जाये।

Scanned with OKEN Scanner